# प्रेस नोट

## थाना प्रेमनगर

दिनाँक 04.09.2023

# थाना प्रेमनगर एवं स्वाट पुलिस की संयुक्त टीम तथा बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया गया

# गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, नगदी, बाइक, अवैध असलहा एवं कारतूस बरामद किए गए

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना प्रभारी प्रेमनगर एवं स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम तथा बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में एक शातिर बदमाश को गोली लगने से घायल हो गया, जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन, पल्सर गाड़ी, अवैध असलहा-कारतूस, 500 रु. नगद आदि बरामद हुए। पुलिस मुठभेड़ के संबंध में थाना प्रेमनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

उल्लेखनीय है कि थाना प्रेमनगर के बिजौली क्षेत्र में दिनाँक 25.08.2023 को असलहा की नोक पर डरा धमकाकर मोबाइल व पैसे लूटे जाने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 325/23 धारा 392 भादवि के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। लुटेरों का गैंग पुनः लूट कारित करने की फिराक में नहर से आगे बल्लमपुर बिजौली की तरफ जाने वाले मार्ग पर एसी लोको शेड के पीछे रोड तिगैला पर बनी पुलिया पर बैठे थे। मुखबिर की सूचना पर मौके पर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने पहुँची पुलिस की संयुक्त टीम व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान एक बदमाश सुमित यादव पुत्र कल्याण यादव निवासी ग्राम झरर घाट थाना तालबेहट जनपद ललितपुर उम्र करीब 25 वर्ष के पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके का फायदा उठाकर दो अन्य साथी बदमाश भाग गये। बदमाशों के साथ पुलिस की हुई मुठभेड़ के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 327/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना प्रेमनगर जनपद झांसी पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार शुदा अभियुक्त सुमित यादव उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**बरामद माल का विवरणः-**

**1-** एक अदद तमंचा 315 बोर व 04 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस

**2-** एक लूटा हुआ मोबाइल ओप्पो कम्पनी व 500 रू

**3-** सीजशुदा मोटरसाइकिल (पल्सर)

**<u>अभियुक्तगण का विवरण</u>**

**1-** सुमित यादव पुत्र कल्यान यादव निवासी ग्राम झरर घाट थाना तालबेहट जनपद ललितपुर उम्र करीब 25 वर्ष

**<u>गिरफ्तारी का स्थान/दिनांक-</u>** बल्लमपुर की तरफ जाने वाले मार्ग पर ए.सी. लोको शेड के पीछे तिगैला थाना प्रेमनगर झांसी दिनाँक 03.09.2023 समय 19.10 बजे

**<u>पुलिस टीमः-</u>**

**1-** श्री आनन्द कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**2-** उ0नि0 श्री नरेन्द्र सिंह प्रभारी स्वाट जनपद झाँसी

**3-** उ0नि0 निखिल कुमार चौकी प्रभारी पु0नं0 9 थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**4-** उ0नि0 शिवम सिंह चौकी प्रभारी बिजौली थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**5-** हे0का0 दुर्गेश चौहान सर्विलांस सेल झाँसी

**6-** का0 1306 अतीक अहमद थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**7-** का0 213 विपिन प्रजापति थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी

**8-** कां0 839 कृष्ण मुरारी स्वाट टीम जनपद झाँसी

**9-** कां0 222 रजत कुमार स्वाट टीम जनपद झाँसी

**10-** कां0 276 शिव प्रकाश तिवारी स्वाट टीम जनपद झाँसी